भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2471

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

ब्रह्मपुत्र में पानी के नीचे चार लेन वाली सुरंग का निर्माण

2471. श्री रंजीत दत्ता:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम में गोहपुर और नुमालीगढ़ को जोड़ने वाली ब्रह्मपुत्र नदी में पानी के नीचे चार लेन की सुरंग के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने उक्त परियोजना को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा तय की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) असम राज्य में गोहपुर (एनएच-15 पर) और नुमालीगढ़ (एनएच-715 पर) के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर पानी के नीचे चार लेन वाली सुरंग संपर्कता के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई है और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) में परियोजना मूल्यांकन और तकनीकी जांच समिति (पीएटीएससी) द्वारा तकनीकी रूप से मूल्यांकन किया गया है। परियोजना के पैमाने और जटिलता को ध्यान में रखते हुए, परियोजना के सौंपे जाने के बाद पांच साल की निर्माण अवधि की परिकल्पना की गई है। किसी भी परियोजना के कार्यान्वयन के बारे में निर्णय डीपीआर के परिणाम, मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है।

*****